प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

प्रोफेसर ज्योति पलोड़ फेलो ऑफ इंडियन पोल्ट्री साइंस एसोसिएशन से सम्मानित

पंतनगर। 07 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के पशुधन उत्पादन प्रबंध विभाग की प्रोफेसर डा. ज्योति पलोड़ को इंडियन पोल्ट्री साइंस एसोसिएशन द्वारा फेलो ऑफ इंडियन पोल्ट्री साइंस एसोसिएशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। प्रोफेसर पलोड़ को यह सम्मान 4–6 नवम्बर, 2022 तक मथुरा में आयोजित तीन–दिवसीय 37वीं इंडियन पोल्ट्री साइंस एसोसिएशन कॉन्फ्रेन्स के उद्घाटन सत्र में उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल, श्रीमती आनंदी बेन पटेल की ऑनलाइन माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में मौजूदगी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा के कुलपति प्रोफेसर ए.के. श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया।

इंडियन पोल्ट्री साइंस एसोसिएशन ने प्रोफेसर डा. ज्योति पलोड़ द्वारा पोल्ट्री के क्षेत्र में अब तक उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट शोध, शिक्षण एवं प्रचार–प्रसार कार्यों के लिए यह सम्मान दिया गया। उनकी इस उपलब्धि के लिए उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल, श्रीमती आनंदी बेन पटेल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा, कुलपति प्रोफेसर ए.के. श्रीवास्तव, अधिष्ठाता प्रोफेसर पी.के.शुक्ला, पोल्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर ए.के. रानाडे, महासचिव डा. जे.एस. त्यागी सहित पंतनगर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों आदि ने डा. ज्योति पलोड को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

अवार्ड प्राप्त करती प्रोफेसर डा. ज्योति पलोड़।

निदेशक संचार